दिन–गुरूवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 20 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

पटना उच्च न्यायालय ने बिहार में सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में पिछड़ा वर्ग, अति– पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण पचास से बढ़ाकर पैंसठ प्रतिशत करने के राज्य सरकार के फैसले को रद्द कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति हरीश कुमार की खंडपीठ ने आरक्षण बढ़ाने की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई के बाद इस साल ग्यारह मार्च को फैसला सुरक्षित रख लिया था। विधानमंडल में आरक्षण की सीमा बढ़ाने से संबंधित विधेयक पारित होने के बाद, राज्य सरकार ने पिछले साल नवंबर में संबंधित अधिनियमों को अधिसूचित किया था। इसका उद्देश्य सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण कोटा पचास प्रतिशत से बढ़ाकर पैंसठ प्रतिशत करना था। आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए मौजूदा दस प्रतिशत कोटा के साथ राज्य में कुल आरक्षण सीमा बढ़ाकर पचहत्तर प्रतिशत कर दी गई थी।

————————————————————————————

केन्द्र सरकार ने जून दो हजार चौबीस यूजीसी–नेट परीक्षा रद्द कर दी है। यह परीक्षा बाद में नए सिरे से आयोजित की जाएगी जिसकी जानकारी अलग से दी जाएगी। भारतीय साईबर अपराध समन्वय केंद्र द्वारा दी गई जानकारी के बाद यूजीसी–नेट परीक्षा रद्द की गई है। यह मामला गहन जांच के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंपा जा रहा है। गृह मंत्रालय के भारतीय साईबर अपराध समन्वय केन्द्र की राष्ट्रीय साईबर अपराध विश्लेषण इकाई को कल परीक्षा में गड़बड़ी की कुछ जानकारी मिली थी जिसके बाद इसे रद्द कर दिया गया।

————————————————————————————

शिक्षा मंत्रालय ने पटना में नीट–यूजी परीक्षा दो हजार चौबीस के आयोजन में कथित अनियमितताओं पर बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ग्रेस मार्क्स से संबंधित मुद्दे को पहले ही पूरी तरह से निपटाया जा चुका है। मंत्रालय ने कहा कि परीक्षा में अनियमितताओं में संलिप्त किसी भी व्यक्ति या संगठन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

————————————————————————————

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण–एन एच ए आई ने आज मीडिया की उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया, जिनमें दावा किया गया था कि नीट पेपर लीक मामले से संबंधित आरोपी पटना में उसके गेस्ट हाउस में रुके थे। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की नोडल एजेंसी एन एच ए आई ने स्पष्ट किया है कि उसके पास पटना में कोई गेस्ट हाउस सुविधा नहीं है।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने मुजफ्फरपुर, गया, दरभंगा और भागलपुर में मेट्रों निर्माण के लिए अपनी सैद्धांतिक सहमति दे दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक में पटना नगर निगम क्षेत्र में शहरी गरीबों के लिए बहुमंजिला ईमारत बनाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गयी। किसानों को राहत देते हुए राज्य सरकार ने डीजल अनुदान के लिए एक सौ पचास करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। अधिकतम आठ एकड़ जमीन के लिए डीजल अनुदान मिलेगा। बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े बाईस एजेंडों पर भी सहमति दी गयी।

———————————————————————————

रूपौली विधानसभा उप चुनाव के लिए कल नामांकन की अंतिम तिथि है। अब तक तीन प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पर्चा भरा है। जदयू के कलाधर मंडल, राजद की बीमा भारती और एक निर्दलीय प्रत्याशी अरविन्द कुमार सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया है।

———————————————————————————

प्रदेशभर के मौसम में बदलाव हुआ है। राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर स्थानों पर देर रात रूक–रूक कर बारिश हुई। इससे लोगों को भीषण गर्मी से मामूली राहत मिली है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों किशगनंज, अररिया, पूर्णियां, सुपौल, सहरसा और मधेपुरा में कई स्थानों पर मूसलाधार बारिश हुई है। किशनगंज के ठाकुरगंज में सबसे अधिक दो सौ एक दशमलव छह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कई जगहों पर तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना है। वहीं, राज्य के दक्षिणी हिस्सों में कुछ स्थानों पर लू और गर्म दिवस की चेतावनी जारी की गयी है।

———————————————————————————

पटना और रोहतास जिला प्रशासन ने भीषण गर्मी को देखते हुए सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में वर्ग आठ तक की कक्षाओं और आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन

पर बाईस जून तक के लिए रोक लगा दी है। इस दौरान विद्यालयों में शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित रहेंगे।

———————————————————————————

नेपाल स्थित कोसी बराज से आज दोपहर दो बजे तक एक लाख उनासी हजार चार सौ तीस क्यूसेक पानी छोड़ा गया। पिछले कुछ दिनों से कोसी बराज से बढ़ते क्रम से पानी का डिस्चार्ज रिकॉर्ड किया जा रहा है जिससे निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।